

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, PILLUKHERA (JIND)


## Activity Report

दिनांक 21 मार्च 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत स्नातक के बाद क्या करें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें विषय पर दो एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। एक्सटेंशन लेक्चर में मुख्य वक्ता की भूमिका में डॉ नरेश जागलान, मनोचिकित्सक और काउंसलर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या डॉ सुमिता आशरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा छात्राओं को मुख्य वक्ता से परिचित करवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यदि समय रहते विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं तो वो उस दिशा में कार्य करते हुए निश्चित तौर पर अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहते हैं। मुख्य वक्ता ने बताया कि यदि छात्राओं का लक्ष्य स्पष्ट हो, अपने लक्ष्य में रुचि ले, दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो बड़े से बड़ा लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। छात्राओं को स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए डॉ नरेश ने बताया कि छात्राएं जिस विषय को आज पढ़ती है उसे 48 घंटे के बाद 20 मिनट अध्ययन करें और सप्ताह बाद 5 मिनट अध्ययन करते हैं तो इस विषय को छात्राएं हमेशा के लिए अपने चित में अंकित कर लेंगी। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बड़े ही मनोरंजक तरीके से कंपटीशन एग्जाम की तैयारी के लिए मोटिवेट किया और कंपटीशन एग्जाम तथा भविष्य की तैयारियों और संभावनाओं के संदर्भ में छात्राओं को बड़े ही तकनीकी, रणनीतिक और सारगर्भित तरीके से बताया और तैयार किया। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज श्री रमेश कुमार जी ने छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं है, आवश्यकता है तो केवल उसके लिए स्वयं को योग्य बनाने की। महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा देने के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल का निर्माण किया जिसमें समय-समय पर छात्राओं को प्लेसमेंट के लिए जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को मोटिवेट किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की लगभग 250 छात्राएं तथा महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।


city

दृढ़ इच्छाशक्ति-परिश्रम से मिलती है सफलता : नरेश





Ramesh Kumar

Principal

Placement Cell & **Political Science Department**

**Activities**


राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान मे एक दिवसीय कैरियर संबंधी,रोजगार व प्लेसमेंट उन्मुखी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में शिरकत करने वाले आरकेएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैथल के प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह आर्य का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह आर्य ने छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग करते हुए बताया कि छात्राएं स्नातक के बाद क्या करें तथा उनके सामने स्नातक के बाद कौन कौन से ऑप्शन होगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपनी कर्मठता को पहचाने,अपनी प्रतिभा को जाने और इसी के अनुरूप अपने प्राप्त ज्ञान व कौशल से समाज के उच्च क्षेत्र से जुड़े जिससे वे समाज व राष्ट्रवाद की उन्नति में भागीदार बन सके । अपना विकास करें व स्वरोजगार को बढ़ावा दें। प्रोफेसर आर्य ने गवर्नमेंट सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में तेजी से बढ़ते अवसरों और संभावनाओं से छात्राओं को परिचित करवाया और इसके साथ ही उन्होंने UPSC, HSSC, HPSC ; बैंकिंग, रेलवे, पत्रकारिता, टूरिज्म, होटल मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भर्ती प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को बड़ी सूक्ष्मता से बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं जिसके लिए विद्यार्थियों में गुणात्मक शिक्षा का होना अनिवार्य है ।प्रोफेसर आर्य ने कौशल विकास के विभिन्न तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया तथा साथ ही उन्होंने छात्राओं के भविष्य के विषय में चुनाव संबंधित सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रोफेसर रमेश गोयत ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर आर्य का छात्राओं का उचित मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया और छात्राओं को बताया कि छात्राएं अपने सर्वांगीण विकास के लिए अपने छिपी प्रतिभा को पहचाने और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार को लेकर मिलने वाले अवसर और चुनौतियों से छात्राओं को रूबरू करवाना था इस अवसर पर प्रोफेसर सुरक्षा, रविंद्र प्रदीप दीपक देवेंद्र व रजत उपस्थित रहे।


Seen


Ramesh Kumar


Convener
Placement Cell

11/05/2022
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)





जींद भास्कर 22-02-2022

## पिल्लूखेड़ा राजकीय कॉलेज में छात्राओं को दी कॅरिअर संबंधी जानकारी

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

Activity Report Dated 07.12.23

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ,जींद में प्राचार्या डॉ तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में युवा छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ की बाल मार्गदर्शन परामर्श और कल्याण क्लिनिक परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में श्री अनिल मलिक, डिविजनल बाल कल्याण अधिकारी रोहतक रहे। संगोष्ठी का मुख्य विषय नकारात्मक और सकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित करने और विचारों की स्पष्टता के साथ पहचान करने की क्षमता विकसित करने की मनोवैज्ञानिक तकनीकों को जानना" रहा । महाविद्यालय पहुंचने पर श्री अनिल मलिक का महाविद्यालय प्राचार्या और स्टाफ सदस्यों ने अभिनंदन किया और विद्यार्थियों से परिचित करवाया। प्राचार्य डॉ. तनाशा हुड्डा ने बताया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है । महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने बताया कि इस प्रेजेंटेशन लेक्चर से महाविद्यालय की लगभग 175 छात्राएं लाभान्वित हुईं। अंत में श्री रमेश कुमार ने महाविद्यालय प्राचार्या , मुख्य वक्ता, प्लेसमेंट सेल सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr

# राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट

20 to 25 Nov 2023

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासेस की तरफ से निशुल्क प्राचार्या तनाशा हुड्डा के निर्देशन में किया गया तथा कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार के द्वारा की गयी । कार्यकारी प्राचार्या ने मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक के रूप में महाविद्यालय में उपस्थित श्रीमती दीपाली गंभीर का स्वागत और उनके सर्वोच्च प्रयास के लिए उनका धन्य द किया । वर्कशॉप व ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सॉफ्ट स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, लाइफ स्किल व साक्षात्कार कौशल का विकास करना रहा। महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल प्रभारी श्री रमेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार की वर्कशॉप को अटेंड करके विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है व साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की स्किल्स को प्राप्त करने के बाद कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब की संभावनाएं बढ़ जाती हैं तथा कार्यशाला छात्राओं में भविष्य के संदर्भ में गंभीरता पैदा करती है । मुख्य वक्ता व प्रशिक्षक श्रीमती दीपाली गंभीर ने बताया कि कार्यशाला में प्रथम कार्यदिवस पर 'आई एम यूनिक' शीर्षक के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया गया। दूसरे कार्यदिवस की ट्रेनिंग के दौरान 'इंपॉर्टेंस ऑफ कम्युनिकेशन' विषय पर डिस्कशन हुआ और कम्युनिकेशन के मेथड, व्यवहारिक परिदृश्य में उसका प्रयोग सिखाया गया। तृतीय कार्यदिवस पर साक्षात्कार कौशल कि बारिकियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया ताकि भविष्य में विभिन्न साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों को कोई समस्या ना आए और वो पहले से ही साक्षात्कार कौशल से परिचित रहे। कार्यशाला में चौथे दिन के दौरान आधुनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता ईमेल राइटिंग विषय पर चर्चा की गई तथा महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए और विद्यार्थियों ने प्रैक्टिकल रूप से पूरी प्रक्रिया को जानना। कार्यशाला में पांचवें दिन समस्या समाधान और लक्ष्य निर्धारण विषय पर छात्राओं के साथ डिस्कशन किया गया जिसमें छात्राओं के सामने व्यवहारिक जीवन में आने वाली समस्याओं,उनकी चिंताओं, चुनौतियों की पहचान और उनका निधान बड़े ही सरल तरीके से बताया गया और आधुनिक जीवन में लक्ष्य निर्धारण की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला गया तथा कार्यशाला के अंतिम कार्य दिवस पर मॉक इंटरव्यू और रिज्यूम मेकिंग प्रक्रिया को छात्रों को बताया गया। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागी छात्राओं ने अपना महत्वपूर्ण फीडबैक वर्कशॉप और मुख्य वक्ता के संदर्भ में दिया। मुख्य वक्ता ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न चरणों के माध्यम से छात्राओं में लाइफ स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल और इंटरव्यू स्किल के विषय में तकनीकी रूप से छात्राओं को सक्षम बनाने का प्रयास किया गया। इस प्रकार के कौशल में निपुण और सक्षम होने के बाद छात्राओं में आत्मविश्वास और आत्मबल में बढ़ोतरी होगी तथा इस प्रकार का कौशल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनके व्यक्तित्व में अलग प्रकार की स्फूर्ति उत्पन्न करता है। अतः छात्राओं को इस प्रकार की वर्कशॉप को ज्वाइन करना चाहिए। वर्कशॉप केवल अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए करवाई गई तथा महाविद्यालय की लगभग 60 छात्राएं कार्यशाला के माध्यम से लाभान्वित हुई। कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को इस प्रकार से तैयार किया गया कि स्नातक स्तर की डिग्री के बाद उनके पास जॉब के बेहतर विकल्प हो सके और छात्राएं प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर में अपने लिए अपार संभावनाएं जुटाने में सफल रहे । इस अवसर पर श्रीमती रविंद्र श्रीमती सुरक्षा, श्री ग्रीन, श्री संजीव कुमार,श्री यशपाल, श्री यासिन व अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्य भी मौजूद रहे।

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

# Activities Photos

One week Workshop under Placement cell on dated 20 to 25 nov 2023



Principal
Govt. College for Girls
P[illegible]ara (Jind)

# राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

9 Nov 2023

## एक्टिविटी रिपोर्ट

राज्कीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ,जींद में प्राचार्य डॉ तनाशा हुड्डा के निर्देशन में एकदिवसीय एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन प्लेसमेंट सेल और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में डाक्टर सितेंदर मलिक निर्देशक प्लेसमेंट सेल व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग,चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद रहे। एक्सटेंशन लेक्चरर का मुख्य विषय वर्तमान समय में भूगोल के विशेषाधिकार एवं उपयोगिता तथा भूगोल में करियर के अवसर रहा। कार्यकारी प्राचार्य बवीता पवार ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय पहुंचने पर अभिनंदन किया और विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता से परिचित करवाया। डॉक्टर सितेंदर मलिक ने बड़े ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को भविष्य में प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर में भूगोल विषय की संभावनाओं तथा इसके विषय क्षेत्र पर प्रकाश डाला उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि छात्राएं विषय में निपुणता हासिल करती है तो भविष्य में उनके सामने विषय में अवसरों की कमी नहीं होगी और वो अपना सुनहरा भविष्य पाएगी। इसके साथ ही मुख्य वक्ता ने प्लेसमेंट सेल की भूमिका, इसके स्ट्रक्चर और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि प्लेसमेंट सेल निरंतर विभिन्न माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति चिंतित रहती है और इस संदर्भ में विद्यार्थियों को आवश्यक सूचनाओं प्रोवाइड करवाने का काम करती है तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती है।। महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में इस प्रकार के विशेष लेक्चर आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य के संदर्भ में उपस्थित अवसरों से परिचित करवाना तथा मार्गदर्शन करना है ताकि बिना मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव में कोई भी छात्रा भविष्य में उसकी योग्यता के अनुसार क्षेत्र प्राप्त करने में असफल ना रहे। महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। इस अवसर का महाविद्यालय की लगभग 200 छात्राओं ने लाभ उठाया। अंत में श्री रमेश कुमार ने मुख्य वक्ता, भूगोल विभागाध्यक्ष , प्लेसमेंट सेल सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

**Maharshi Jamadagni**
**GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)**

**Activities Photos**
**Extension lecture Under Placement cell**
**9 nov 2023**




**दैनिक सवेरा टाइम्स**

# छात्राओं को भूगोल में करियर के महत्व पर दी जानकारी

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 9 नवंबर : राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा के निर्देशन में एक दिवसीय एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन प्लेसमेंट सेल और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में डॉ. सितेंद्र मलिक निदेशक प्लेसमेंट सेल व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद रहे। एक्सटेंशन लेक्चर का मुख्य विषय हृसमकालीन परिदृश्य में भूगोल के विशेषाधिकार एवं उपयोगिताह तथा हृभूगोल में करियर के अवसरह रहा। महाविद्यालय पहुंचने पर डॉ. सितेंद्र मलिक का स्टाफ सदस्यों ने अभिनंदन किया और विद्यार्थियों से परिचित करवाया। डॉ. सितेंद्र मलिक ने बड़े ही सरल शब्दों में विद्यार्थियों को प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर में भूगोल विषय में उपलब्ध संभावित रोजगार के अवसरों के बारे में अवगत कराया।



छात्राओं को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि छात्राएं विषय में निपुणता हासिल करती है तो भविष्य में उनके सामने रोजगार के अवसरों की कमी नहीं होगी। इसके साथ ही मुख्य वक्ता ने प्लेसमेंट सेल की भूमिका, इसके स्ट्रक्चर और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला और बताया कि प्लेसमेंट सेल विभिन्न माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए प्रयासरत रहती है और इस संदर्भ में विद्यार्थियों को आवश्यक सूचनाएं प्रदान करने का काम करती है। इसके अतिरिक्त उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती है। महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज रमेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में इस प्रकार के विशेष लेक्चर आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य के संदर्भ में उपस्थित अवसरों से परिचित करवाना तथा मार्गदर्शन करना है ताकि मार्गदर्शन व जानकारी के अभाव में कोई भी छात्रा भविष्य में उसकी योग्यता के अनुसार क्षेत्र प्राप्त करने में वंचित ना रहे।

HARYANA Edition
Nov 10, 2023 Page No. 28
Powered by : eReleGo.com

Ramesh Kumar
18.11.23

प्राचार्य
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
## GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, PILLUKHERA (JIND)

## Activity Report

दिनांक 21 मार्च 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत स्नातक के बाद क्या करें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें विषय पर दो एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। एक्सटेंशन लेक्चर में मुख्य वक्ता की भूमिका में डॉ नरेश जागलान, मनोचिकित्सक और काउंसलर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या डॉ सुमिता आशरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा छात्राओं को मुख्य वक्ता से परिचित करवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यदि समय रहते विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं तो वो उस दिशा में कार्य करते हुए निश्चित तौर पर अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहते हैं। मुख्य वक्ता ने बताया कि यदि छात्राओं का लक्ष्य स्पष्ट हो, अपने लक्ष्य में रुचि ले, दृढ इच्छाशक्ति हो तो बड़े से बड़ा लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। छात्राओं को स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए डॉ नरेश ने बताया कि छात्राएं जिस विषय को आज पढ़ती है उसे 48 घंटे के बाद 20 मिनट अध्ययन करें और सप्ताह बाद 5 मिनट अध्ययन करते हैं तो इस विषय को छात्राएं हमेशा के लिए अपने चित्त में अंकित कर लेंगी। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बड़े ही मनोरंजक तरीके से कंपटीशन एग्जाम की तैयारी के लिए मोटिवेट किया और कंपटीशन एग्जाम तथा भविष्य की तैयारियों और संभावनाओं के संदर्भ में छात्राओं को बड़े ही तकनीकी, रणनीतिक और सारगर्भित तरीके से बताया और तैयार किया। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज श्री रमेश कुमार जी ने छात्राओं को बताया कि वर्तमान समय में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं है, आवश्यकता है तो केवल उसके लिए स्वयं को योग्य बनाने की। महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा देने के उद्देश्य से प्लेसमेंट सेल का निर्माण किया जिसमें समय-समय पर छात्राओं को प्लेसमेंट के लिए जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को मोटिवेट किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की लगभग 250 छात्राएं तथा महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।



my city

जींद बुधवार

दृढ इच्छाशक्ति-परिश्रम से मिलती है सफलता : नरेश

पिल्लूखेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय 'प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें' विषय पर हुआ व्याख्यान




Ramesh Kumar
Incharge Placement Cell

Principal
प्राचार्य
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

## महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

### प्रेस रिपोर्ट

Dated 07.12.23

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक
दिवसीय कैरियर संबंधी,रोजगार व प्लेसमेंट उन्मुखी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए
महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में शिरकत करने वाले श्री रमेश
सिंगला जी सीनियर बिजनेस एसोसिएट, जीवन बीमा निगम का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य
वक्ता श्री रमेश सिंगला जी ने छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग करते हुए 'वाई चांस और वाई चॉइस' और 'छात्राएं स्नातक के बाद
क्या करें'जैसे विषयों पर छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किया । उन्होंने बड़े ही वैज्ञानिक और तार्किक तरीके से छात्राओं को
जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी
स्ट्रैंथ, वीकनेस, अवसरों और बाधाओं पर विचार विमर्श करना चाहिए और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपने स्ट्रैंथ को बढ़ाना,
वीकनेस को कम करना तथा संभावित अवसरों का अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए चुनाव करना और अपने मार्ग में आने वाली
बाधाओं का व्यवस्थित तरीके से समाधान ढूंढना चाहिए। उन्होंने बड़े ही वैज्ञानिक तरीके से छात्राओं से प्रश्न पूछे. जैसा की वह आज से
5 साल बाद स्वयं को किस स्थान, पद,संस्थान, परिवेश, स्तर और पहनावे में देखते हैं। इस विषय में विचार करने के लिए कहा
ताकि छात्राएं अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित कर सके। उन्होंने बताया कि छात्राएं स्नातक के बाद क्या
करे तथा उनके सामने स्नातक के बाद कौन कौन से ऑप्शन होगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपनी कर्मठता को पहचाने,अपनी
प्रतिभा को जाने और इसी के अनुरूप अपने प्राप्त ज्ञान व कौशल से समाज के उच्च क्षेत्र से जुड़े जिससे वे समाज व राष्ट्रवाद की उन्नति
में भागीदार बन सके । अपना विकास करें व स्वरोजगार को बढ़ावा दें। श्री रमेश सिंगला जी ने गवर्नमेंट सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में
तेजी से बढ़ते अवसरों और संभावनाओं से छात्राओं को परिचित करवाया साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के
अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं जिसके लिए विद्यार्थियों में गुणात्मक शिक्षा का होना अनिवार्य है । सिंगला जी ने कौशल विकास के विभिन्न
तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया तथा साथ ही उन्होंने छात्राओं के भविष्य के विषय में चुनाव संबंधित सवालों के जवाब दिए।
कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रोफेसर रमेश गोयत ने मुख्य वक्ता श्री रमेश सिंगला जी का छात्राओं का उचित मार्गदर्शन
करने के लिए धन्यवाद किया और छात्राओं को बताया कि छात्राएं अपने सर्वांगीण विकास के लिए अपने छिपी प्रतिभा को पहचाने
और दृढ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण करें। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान
आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारपरक अवसरों और चुनौतियों से
छात्राओं को रूबरू करवाना और प्रोत्साहित करना रहता है । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुरक्षा, रविंद्र, श्री संजय
कुमार, रजत कुमार ग्रीन कुमार और संजीव कुमार जी उपस्थित रहे ।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge


Principal
Maharshi Jamdagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

## Activities Photos

Two Days workshop under Placement cell:-

Dated- 7 nov 2023



Principal
Govt. College for G...
Pillu Khera (Jind)

# महर्षि जमदग्नि राजकीय महिला महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट

Dated: 02.12.24

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा ने की। कार्यक्रम में "रोल ऑफ फोनेटिक्स इन करियर एडवांसमेंट" और "अपॉर्चुनिटी इन टुडे वर्ल्ड" विषयों पर दो एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किए गए। इस अवसर पर डॉ. कौशल रणवीर कौशल,सेवानिवृत्त प्राचार्य को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया।इन व्याख्यानों का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तिगत और व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना था। प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया और छात्राओं को उनके अनुभवों से लाभान्वित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है, जिससे वे अपने करियर में आत्मविश्वास और कौशल के साथ आगे बढ़ सकें और साथ ही इन विषयों के माध्यम से छात्रों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सही उच्चारण, संचार कौशल और अवसरों की पहचान कैसे करियर को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। प्राचार्या डॉ. रचना शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें इन व्याख्यानों से प्राप्त ज्ञान को अपने व्यक्तित्व विकास और करियर की प्रगति में लागू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने छात्रों को फोनेटिक्स और वर्तमान समय की चुनौतियों एवं अवसरों के महत्व को समझने में मदद की, जिससे वे अपने भविष्य की दिशा में बेहतर योजना बना सकें। यह आयोजन महाविद्यालय की सभी छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक रहा। व्याख्यान कार्यक्रम के अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती बबीता पवार, श्री रजत, श्री दीपक और महाविद्यालय का टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा





Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

प्राचार्या

14.12.24

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## एक्टिविटी रिपोर्ट Dated 20.11.24

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत दो एक्सटेंशन लेक्चरो का आयोजन प्राचार्या डॉ रचना शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। । महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रचना शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय में उपस्थित डॉ अनुपम भाटिया एसोसिएट प्रोफेसर चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी का स्वागत किया । व्याख्यान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में कम्युनिकेशन स्किल और साक्षात्कार कौशल का विकास करना रहा। महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल प्रभारी श्री रमेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार की वर्कशॉप को अटेंड करके विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है व साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की स्किल्स को प्राप्त करने के बाद कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब की संभावनाएं बढ़ जाती हैं तथा छात्राओं में भविष्य के संदर्भ में गंभीरता पैदा करती है। मुख्य वक्ता डॉ अनुपम भाटिया ने व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास किया व इंपॉर्टेंस ऑफ कम्युनिकेशन विषय पर डिस्कशन किया और कम्युनिकेशन के मेथड, व्यवहारिक परिदृश्य में उसका प्रयोग सिखाया गया तथा साथ ही साक्षात्कार कौशल के बारे में विद्यार्थियों को बताया ताकि भविष्य में भिन्न भिन्न साक्षात्कार के दौरान विद्यार्थियों को कोई समस्या ना आए और वो पहले से ही साक्षात्कार कौशल से परिचित रहे। व्याख्यान के माध्यम से मुख्य वक्ता द्वारा समस्या समाधान और लक्ष्य निर्धारण विषय पर छात्राओं के साथ डिस्कशन किया गया जिसमें छात्राओं के सामने व्यवहारिक जीवन में आने वाली समस्याओं,उनकी चिंताओं, चुनौतियों की पहचान और उनका निधान बड़े ही सरल तरीके से बताया गया और आधुनिक जीवन में लक्ष्य निर्धारण की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला गया । डॉ अनुपम भाटिया ने व्याख्यान में विभिन्न चरणों के माध्यम से छात्राओं में लाइफ स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल और इंटरव्यू स्किल के विषय में तकनीकी रूप से छात्राओं को सक्षम बनाने का प्रयास किया । महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रचना शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कौशल में निपुण और सक्षम होने के बाद छात्राओं में आत्मविश्वास और आत्म बल में बढ़ोतरी होगी तथा इस प्रकार का कौशल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनके व्यक्तित्व में अलग प्रकार की स्फूर्ति उत्पन्न करेगा। अतः छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों को ज्वाइन करना चाहिए। व्याख्यान कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय के लगभग 100 छात्राएं लाभान्वित हुई । । इस अवसर पर श्रीमती रविंद्र श्रीमती, श्री ग्रीन व अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्य भी मौजूद रहे।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

प्राचार्या 14.12.24

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Extension Lecture under Placement Cell
Dated: 20.11.24



# आधुनिक जीवन में लक्ष्य निर्धारण जरूरी : अनुपम

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक्सटेंशन लेक्चर कराया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा ने की। मुख्य वक्ता चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रो. डॉ. अनुपम भाटिया रहे। व्याख्यान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में कम्युनिकेशन स्किल और साक्षात्कार कौशल का विकास करना रहा।

डॉ. अनुपम ने समस्या समाधान और लक्ष्य निर्धारण विषय पर छात्राओं के साथ विचार-विमर्श किया। इसमें छात्राओं के सामने व्यावसायिक जीवन में आने वाली समस्याओं, उनकी चिंताओं, चुनौतियों की पहचान और उनका निदान बड़े ही सरल तरीके से बताया गया। उन्होंने छात्राओं में लाइफ स्किल, कम्युनिकेशन स्किल, सॉफ्ट स्किल और इंटरव्यू स्किल के विषय में तकनीकी रूप से छात्राओं को सक्षम बनाने का प्रयास किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रचना शर्मा ने बताया कि इस प्रकार का कौशल छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ उनके व्यक्तित्व में अलग प्रकार की ऊर्जा उत्पन्न करेगा। महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार की वर्कशाप को अटेंड करके छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है। स्किल्स से कॉर्पोरेट सेक्टर में जॉब मिलेगी।



छात्राओं को जानकारी देते हुए डॉ. अनुपम भाटिया। स्रोत: कॉलेज



Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

14-12-24
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## प्रेस रिपोर्ट

19 feb. 2024

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक दिवसीय कैरियर संबंधी,रोजगार व प्लेसमेंट उन्मुखी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में शिरकत करने वाले श्री गणेश दास जी सहायक अध्यापक वाणिज्य विभाग राजकीय महाविद्यालय मतलौडा, पानीपत का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री गणेश दास जी ने छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग करते हुए 'वाणिज्य के विशेष अधिकार और संभावनाएं तथा कौशल विकास: पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में रोजगार की संभावना विषयों पर छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किया । उन्होंने बड़े ही वैज्ञानिक और तार्किक तरीके से छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी स्ट्रैंथ, वीकनेस, अवसरों और बाधाओं पर विचार विमर्श करना चाहिए और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपने स्ट्रैंथ को बढ़ाना, वीकनेस को कम करना तथा संभावित अवसरों का अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए चुनाव करना और अपने मार्ग में आने वाली बाधाओं का व्यवस्थित तरीके से समाधान ढूंढना चाहिए। उन्होंने बताया कि छात्राएं स्नातक के बाद क्या करे तथा उनके सामने स्नातक के बाद वाणिज्य विषय में कौन कौन से ऑप्शन होगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपनी कर्मठता को पहचाने,अपनी प्रतिभा को जाने और इसी के अनुरूप अपने प्राप्त ज्ञान व कौशल से समाज के उच्च क्षेत्र से जुड़े जिससे वे समाज व राष्ट्रवाद की उन्नति में भागीदार बन सके । अपना विकास करें व स्वरोजगार को बढ़ावा दें। श्री गणेश दास जी ने गवर्नमेंट सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में तेजी से बढ़ते अवसरों और संभावनाओं से छात्राओं को परिचित करवाया साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं जिसके लिए विद्यार्थियों में गुणात्मक शिक्षा का होना अनिवार्य है । उन्होंने कौशल विकास के विभिन्न तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया तथा साथ ही उन्होंने छात्राओं के भविष्य के विषय में चुनाव संबंधित सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रोफेसर रमेश गोयत ने मुख्य वक्ता श्री मुख्य वक्ता का छात्राओं का उचित मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया और छात्राओं को बताया कि छात्राएं अपने सर्वांगीण विकास के लिए अपने छिपी प्रतिभा को पहचाने और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण करें। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारपरक अवसरों और चुनौतियों से छात्राओं को रूबरू करवाना और प्रोत्साहित करना रहता है । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुरक्षा, रविंद्र, श्री संजय कुमार, रजत कुमार ग्रीन कुमार और संजीव कुमार जो उपस्थित रहे ।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

प्राचार्या
Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.







Pramesh Kumar
Placement Cell Incharge

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

PCL XL Error

Subsystem: KERNEL

Error: MissingAttribute

# महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

## प्रेस रिपोर्ट

Dated 5.02.24

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक दिवसीय कैरियर संबंधी,रोजगार व प्लेसमेंट उन्मुखी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में शिरकत करने वाले श्री रमेश सिंगला जी सीनियर बिजनेस एसोसिएट, जीवन बीमा निगम का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री रमेश सिंगला जी ने छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग करते हुए 'बाई चांस और बाई चॉइस' और 'छात्राएं स्नातक के बाद क्या करें'जैसे विषयों पर छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किया। उन्होंने बड़े ही वैज्ञानिक और तार्किक तरीके से छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी स्ट्रैंथ, वीकनेस, अवसरों और बाधाओं पर विचार विमर्श करना चाहिए और कठिन परिश्रम के माध्यम से अपने स्ट्रैंथ को बढ़ाना, वीकनेस को कम करना तथा संभावित अवसरों का अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए चुनाव करना और अपने मार्ग में आने वाली बाधाओं का व्यवस्थित तरीके से समाधान ढूंढना चाहिए। उन्होंने बड़े ही वैज्ञानिक तरीके से छात्राओं से प्रश्न पूछे, जैसा की वह आज से 5 साल बाद स्वयं को किस स्थान, पद,संस्थान, परिवेश, स्तर और पहनावे में देखते हों। उस विषय में विचार करने के लिए कहा ताकि छात्राएं अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित कर सके।उन्होंने बताया कि छात्राएं स्नातक के बाद क्या करें तथा उनके सामने स्नातक के बाद कौन कौन से ऑप्शन होंगे। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं अपनी कर्मठता को पहचाने,अपनी प्रतिभा को जाने और इसी के अनुरूप अपने प्राप्त ज्ञान व कौशल से समाज के उस क्षेत्र से जुड़े जिससे वे समाज व राष्ट्रवाद की उन्नति में भागीदार बन सके। अपना विकास करें व स्वरोजगार को बढ़ावा दें। श्री रमेश सिंगला जी ने गवर्नमेंट सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में तेजी से बढ़ते अवसरों और संभावनाओं से छात्राओं को परिचित करवाया साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ रहे हैं जिसके लिए विद्यार्थियों में गुणात्मक शिक्षा का होना अनिवार्य है। सिंगला जी ने कौशल विकास के विभिन्न तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया तथा साथ ही उन्होंने छात्राओं के भविष्य के विषय में चुनाव संबंधित सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रोफेसर रमेश गोयल ने मुख्य वक्ता श्री रमेश सिंगला जी का छात्राओं का उचित मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया और छात्राओं को बताया कि छात्राएं अपने सर्वांगीण विकास के लिए अपने छिपी प्रतिभा को पहचाने और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण करें। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारपरक अवसरों और चुनौतियों से छात्राओं को रूबरू करवाना और प्रोत्साहित करना रहता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्रीमती सुरक्षा, [illegible], श्री संजय कुमार, रजत कुमार गीन कुमार और संजीव कुमार जो उपस्थित रहे।

Ramesh Kumar 5.02.24

Placement Incharge

Principal

Govt. College for Girls

Pillu Khera (Jind)

# महर्षि जमदग्नि  राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद)

Activity Report Dated 05. 02. 2024

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ,जींद में प्राचार्या डॉ तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में युवा छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल तथा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ की बाल मार्गदर्शन परामर्श और कल्याण क्लिनिक परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में श्री अनिल मलिक, डिविजनल बाल कल्याण अधिकारी, रोहतक रहे। संगोष्ठी का मुख्य विषय नकारात्मक और सकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित करने और विचारों की स्पष्टता के साथ पहचान करने की क्षमता विकसित करने की मनोवैज्ञानिक तकनीकों को जानना" रहा । महाविद्यालय पहुंचने पर श्री अनिल मलिक का महाविद्यालय प्राचार्या और स्टाफ सदस्यों ने अभिनंदन किया और विद्यार्थियों से परिचित करवाया। प्राचार्य डॉ. तानाशा हुड्डा ने बताया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है । महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने बताया कि इस एक्सटेंशन लेक्चरर से महाविद्यालय की लगभग 175 छात्राएं लाभान्वित हुई। अंत में श्री रमेश कुमार ने महाविद्यालय प्राचार्या , मुख्य वक्ता, प्लेसमेंट सेल सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

**Maharshi Jamadagni**
**GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

3 Feb. 2024

## Activities Report
## Education Visit under Placement Cell

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा,जींद में प्राचार्या डॉक्टर तनाशा हुड्डा के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत लक्ष्य मिल्क प्लांट कंडेला, जींद में एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण से पहले आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व प्लेसमेंट सेल इंचार्ज श्री रमेश कुमार द्वारा किया गया। महाविद्यालय की 34 छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण में भाग लिया। लक्ष्य मिल्क प्लांट कंडेल में एचआर मैनेजर के पद पर कार्यरत श्रीमान मनोज जागलान जी ने महाविद्यालय की टीम का स्वागत किया तथा लक्ष्य मिल्क प्लांट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि कि कैसे बोहतवाला गांव के बलजीत रेढू नामक एक सामान्य किसान अपने व्यावसायिक प्रयोग के माध्यम से सशक्त व्यवसाय बने और 2010 में लक्ष्य मिल्क प्लांट जैसे संस्थान की स्थापना की। उन्होंने लक्ष्य मिल्क प्लांट के प्रबंधन, विभिन्न उत्पादों के रखरखाव, आयात-निर्यात प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा विद्यार्थियों के साथ की। उन्होंने संस्थान के संघर्षों, ऐतिहासिक विकास और सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन किया । प्रबंधक महोदय द्वारा बताया गया की प्लांट की तरफ से विद्यार्थियों की यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए 7 बसे, तीर्थ यात्रियों के लिए तीन बसो और यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था , पानी टैंकरों की व्यवस्था समाज कल्याण में की जाती है, इसके अलावा भी संस्थान का सामाजिक सरोकारों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में संस्थान का टर्नओवर 200 करोड़ का है। संस्थान में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत श्री नितेश कुमार ने छात्राओं को संस्थान का भ्रमण करवाया और व्यावहारिक रूप में विभिन्न वस्तुओं का निर्माण, रखरखाव और प्रबंधन की जानकारी दी। अंत में प्लेसमेंट सेल इंचार्ज श्री रमेश कुमार ने श्री मनोज जागलान जी, श्री नीतीश कुमार जी और संस्थान के प्रबंधको का शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों से परिचित करवाना तथा विभिन्न संस्थाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उनके संघर्षों और विकास के आयाम से परिचित करवाना रहता है ताकि विद्यार्थी मोटिवेट हो सके। श्रीमती रविंद्र सहायक प्राध्यापक ने बताया कि ऐसी गतिविधियों के आयोजित होने से विद्यार्थी स्वयं अपने अनुभव से सीख कर भविष्य में नवाचार को प्रोत्साहित करेंगे और अपने लिए उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे । इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्य कुमारी माफी की सराहनीय भूमिका रही।

Ramesh Kumar
Placement Cell Incharge

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Maharshi Jamadagni
GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav


## Activities Report

**Education Visit under Placement Cell** Dated : 03-02-2024


MONDAY, 5 फरवरी 2024

कालेज की छात्राओं ने लक्ष्य मिल्क प्लांट का किया शैक्षणिक भ्रमण







Ramesh Kumar
Placement Cell
Incharge

Principal
Principal
Govt. College
Pillu Khera (Jind)